प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन 2025 के दूसरे सत्र के परिणाम जारी–सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में राजस्थान के मोहम्मद अनस और आयुष सिंघल शामिल।
- राज्य सरकार ने अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना की अधिसूचना जारी की।
- प्रदेशभर में आज से ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।
- प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी का असर बरकरार–ज्यादातर स्थानों पर तापमान 41 डिग्री के पार।

..............................

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन 2025 के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार, कुल 24 विद्यार्थियों ने 100 का परफेक्ट एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। सर्वाधिक अंक प्राप्त् करने वालों में राजस्थान के मोहम्मद अनस और आयुष सिंघल शामिल है। कट–ऑफ के साथ परिणाम जेईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस परीक्षा में कुल 9 लाख 92 हजार 350 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 6 लाख 81 हजार 871 छात्राएं और 3 लाख 10 हजार 479 छात्र शामिल हैं। एनटीए ने 2 से 9 अप्रैल के बीच यह परीक्षा आयोजित की थी। इस वर्ष जेईई मेन 2025 दो सत्र में जनवरी और अप्रैल में आयोजित की गई थी।

..............................

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि वर्ष 2030 तक भारत का रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वे कल महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक संवाद सत्र को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में रक्षा निर्यात में चालीस गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत का रक्षा निर्यात करीब 600 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 24 हजार करोड़ रुपये हो गया है। घोडे पर सवार वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी मौजूद रहे। श्री बागडे ने कहा कि महाराणा प्रताप देश की आन बान और शान के प्रतीक है। उनकी प्रतिमा हमें देश के स्वाभिमान और गौरव के लिए सदा प्रेरित करती रहेगी।

..............................

राज्य सरकार ने सूचना और जनसम्पर्क विभाग द्वारा अधिस्वीकृत पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के वास्ते छात्रवृत्ति योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। बजट घोषणा वर्ष 2024–25 को पूरा करते हुए योजना शुरू की गई है।

..............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज से सीकर, झुंझुनूं और चूरू के तीन दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा आमजन से संवाद करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों के संबंधित विषयों पर अधिकारियों की बैठकें लेंगे। मुख्यमंत्री आज सीकर और कल झुंझुनूं में जनसुनवाई करेंगे। वे कल ही पिलानी में यमुना जल समझौते की डीपीआर को लेकर गठित संयुक्त टास्क फोर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान वे नक्शे और अलाइमेंट की डिजाइन पर चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि यमुना जल समझौते के पहले चरण में ताजेवाला हैड से जल लाने के वास्ते प्रवाह प्रणाली के लिए संयुक्त डीपीआर बनाने पर सहमति बनी है। इसके बाद सोमवार को श्री शर्मा बिट्स पिलानी में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद मलसीसर पहुंचकर पीने के पानी के बांध का निरीक्षण करेंगे।

..............................

प्रदेशभर में आज से ग्रीष्मकालीन मिलावट विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को गर्मी के मौसम में शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 5 मई तक ये अभियान चलाया जायेगा। खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे ने बताया कि अभियान के तहत सभी जिलों में हर एक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को इस अवधि के दौरान 60 नमूने लेने का लक्ष्य दिया गया है। अभियान के दौरान 6000 नमूने लिए जाएंगे। साथ ही ऐसी निर्माण इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो मानदंडों का उल्लंघन कर खाद्य सामग्री बना रही है या मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाती हैं। निरीक्षण अभियान विशेष रूप से

डेयरी उत्पाद, बर्फ उत्पाद, शीतल पेय पदार्थ, फल, सब्जी, मिठाई पर केंद्रित होगा। दूसरे चरण में अधिक निर्माण इकाइयों और थोक विक्रेताओं को कवर किए जाएगा।

............................

वित्त मंत्रालय ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर केन्द्र सरकार की ओर से जीएसटी लगाने की दावेदारी को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया है। एक वक्तव्य में मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सरकार का फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं है। इसमें कहा गया है कि जीएसटी केवल मर्चेंट डिस्काउंट रेट–एमडीआर जैसे शुल्कों पर लगाया जाता है, जो कुछ उपकरणों का उपयोग करके किए गए भुगतान से संबंधित होते हैं।

............................

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन के हिस्से के रूप में अगले महीने एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र– आईएसएस के लिए उडान भरेंगे। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सियोम अंतरिक्ष मिशन एएक्स–4 का हिस्सा होंगे। अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा राज्यं मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस मिशन के जरिये अपनी अंतरिक्ष यात्रा में भारत एक नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने नई दिल्ली में इसरो की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद ये घोषणा की।

............................

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज जैसलमेर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे जैसलमेर के सोनार दुर्ग का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद श्री शेखावत का पोकरण में कार्यकर्ताओं से संवाद का भी कार्यक्रम है।

............................

श्री शेखावत ने कल जोधपुर में एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि दीपावली तक इसे चालू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां बोइंग और एयरबस जैसे बड़े यात्री विमान भी उतर सकेंगे।

............................

प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी का असर बना हुआ है। ज्यादातर स्थानों पर तापमान सामान्य से पांच डिग्री सैल्सियस अधिक दर्ज हो रहा है। वहीं रात का पारा भी सामान्य 3 से 6 डिग्री सैल्सियस ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है। अधिकतर शहरों में तापमान 41 डिग्री सैल्सियस के पार पंहुच गया है। पिछले 24 घंटों में फलौदी में 31 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रही। ये तापमान सामान्य से दस डिग्री सैल्सियस अधिक है। सबसे अधिक गर्म दिन 45 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस के साथ श्रीगंगानगर और चूरू में रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज और कल राज्य के पश्चिमी हिस्सों में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

............................